**भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला में डॉ बृजराज कुमार सिंह का सह-अध्येता के रूप में प्रवास सम्पन्न**




दयालबाग़ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आगरा के हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. बृजराज कुमार सिंह ने भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, राष्ट्रपति निवास, शिमला के ऐतिहासिक भवन में जून 2025 में एक माह का शैक्षणिक प्रवास पूरा किया। डॉ. सिंह का चयन वर्ष 2023 में सह-अध्येता के रूप में हुआ था, और यह उनका प्रथम प्रवास था। इस दौरान उन्होंने प्रेमचंद के प्रसिद्ध उपन्यास *रंगभूमि* की शताब्दी वर्ष के अवसर पर एक आलोचनात्मक शोध पत्र तैयार किया।

संस्थान की समृद्ध पुस्तकालय, शांत व विचारोत्तेजक वातावरण और देश भर से आए विद्वानों से हुए संवाद ने उनके शोध को बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया। प्रवास के अंतिम सप्ताह में उन्होंने अपने शोधपत्र का सार्वजनिक वाचन किया, जिसे संस्थान के विद्वानों ने सराहते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस दौरान डॉ. प्रियंका वैद्य (हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय) ने अध्यक्षता की। उन्होंने समकालीन दृष्टिकोणों के सहारे इस उपन्यास के सामाजिक व राजनैतिक प्रश्नों का विश्लेषण किया।



डॉ. सिंह ने इस अनुभव को अत्यंत प्रेरणास्पद बताते हुए संस्थान के वातावरण, संवादात्मक संस्कृति और शैक्षणिक गंभीरता की प्रशंसा की। उन्होंने इसे अपनी शोध-यात्रा में एक निर्णायक मोड़ बताया। उन्होंने संस्थान के पदाधिकारियों व सहयोगी विद्वानों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।